संक्षिप्त

एक ट्रक व ट्रैक्टर जब्त

श्रीमाधोपुर । वन विभाग श्रीमाधोपुर रेंज स्टाफ द्वारा खेजडी की लकडी (वन उपज) का अवैध परिवहन करते हुए एक ट्रक व एक ट्रेक्टर जब्त की ।वन विभाग की श्रीमाधोपुर रेंज स्टाफ द्वारा कार्यवाही करते हुए खेजडी की लकडी से भरा हुआ एक ट्रक नं0 आर0जे0 14 जीएन 3655 को जब्त कर मुकेश पुत्र अर्जुन सैनी निवासी थोई को गिरफतार किया है। वहीं 18 फरवरी को खेजडी की लकडी का परिवहन करते हुए एक ट्रेक्टर ट्रोली को जब्त कर चालक दन्द्राज सैनी पुत्र परलाराम सैनी निवासी थोई को गिरफतार किया है। उक्त कार्यवाही गुलजारी लाल जाट उप वन संरक्षक, अनीता डोई सहायक वन संरक्षक के निर्देशों से जनेश्वर चौधरी क्षेत्रीय वन अधिकारी के नेतृत्व में व अजयपाल गजराज, हनुमान गढवाल , मंगलचन्द भादवा वन रक्षक द्वारा करवाई की गई है।

माँ भद्रकाली के किए दर्शन

निवाई। माँ भद्रकाली आश्रम काटोली में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सांवरमल नागोरा व हरियाणा के उद्योगपति विनोद सिंह ने माँ भद्रकाली के दर्शन करके देश में खुशहाली की मनोकामना की। उन्होंने कहा कि मंदिर के पीठाधीश्वर श्रीराम महाराज अघोरी ने कुछ ऐसे कार्य किये हैं जो एक बहुत ही सराहनीय हैं। उन्होंने कहा कि महाराज द्वारा किए गए कार्य समाज के लिए प्रेरणास्त्रोत है। उन्होंने बताया कि महाराज ने कोरोना महामारी में भी जरूरत मंदों की जमकर मदद की है। लंपी वायरस में गौ माता की सेवा के लिए कांटोली मंदिर ट्रस्ट ने करीब 10 लाख रुपए का चारा व दवा वितरण किया। 161 बेटियों की शादियों में जरूरत के सामान नि:शुल्क दिए। सर्दी से बचाव के लिए लोगों को शॉल वितरित किए।

व्याख्याता सैनी को किया सम्मानित

श्रीमाधोपुर । एसबीएन पीजी कॉलेज श्रीमाधोपुर के प्राणी शास्त्र विभाग के व्याख्याता ललित कुमार सैनी पुत्र पांचू राम सैनी निवासी झाड़ली का चयन फॉरेंसिक साइंटिफिक अस्सिटेंट के पद पर रीजनल फॉरेंसिक साइंस लैबोरेट्री मंडोर जोधपुर में जॉइनिंग होने पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ सुरेश कुमार जाट, एसबीएन ग्रुप ऑफ एजुकेशन सचिव प्रदीप धायल एवं महाविद्यालय उप प्राचार्य प्रवीण कुमार शर्मा, खेल सचिव बनवारी लाल जीतरवाल, ओम प्रकाश शर्मा, ओमप्रकाश वर्मा,राजेंद्र वर्मा, दीपक सैनी सरवन कुमार मेल रसना सैनी, मदन लाल सैनी, ज्योत्सना स्वामी, अंतिमा शर्मा, अनीता दुसाध, धर्मेंद्र कुमार सहित समस्त स्टाफ ने माला पहनाकर व मिठाई खिलाकर तथा प्रतीक चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया तथा उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी।

विदाई समारोह आयोजित

शाहपुरा । सांवलपुरा तंवरान में स्थित प्रिया पब्लिक स्कूल में 12वीं क्लास का विदाई समारोह आयोजित किया गया। इस दौरान डायरेक्टर श्रीराम गुर्जर ने विद्यार्थियों को 12 वीं बोर्ड में अच्छे अंक प्राप्त करने के लिए टिप्स दिए। उन्होंने बताया कि विद्यालय अपनी परंपरा के अनुसार बच्चों को मोटिवेट करने के लिए ऐसे प्रोग्राम आयोजित करता रहता है। उन्होंने बच्चों को उज्जवल भविष्य की कामना के साथ विदा किया। इस मौके पर मिलन शर्मा सहित एक दर्जन शिक्षक उपस्थित थे।

मदन राठौड़ प्रदेश अध्यक्ष हुए नियुक्त

शाहपुरा । भाजपा राजस्थान प्रदेश संगठनात्मक मीटिंग का भाजपा प्रदेश कार्यालय में आयोजन हुआ जिसमें भाजपा राजस्थान प्रदेश अध्यक्ष के रूप में राज्य सभा सांसद मदन राठौड़ को सर्वसम्मति से अध्यक्ष नियुक्त किया गया। भाजपा जयपुर जिला देहात उत्तर मीडिया सह प्रभारी सुभाष जोशी ने बताया कि इस अवसर पर जयपुर ग्रामीण सांसद राव राजेंद्र सिंह सहित संगठन के सैकड़ो पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

किसान सम्मान समारोह कार्यक्रम 24 को

अलवर। कलक्टर डॉ. आर्तिका शुक्ला ने बताया कि 24 फरवरी को दोहपर 2 बजे से 3:30 बजे तक कृषि विज्ञान केंद्र नौगावां (अलवर) में जिला स्तरीय किसान सम्मान समारोह कार्यक्रम आयोजित होगा जिसमें नरेन्द्र मोदी भागलपुर बिहार से प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की 19वीं किश्त जारी करेंगे।

गांव को पंचायत मुख्यालय बनाएंगे, घर-घर पानी पहुंचेगा : रामहेत

किशनगढ़ बास। गांव फतियांबाद में शहीद नायक मनोज कुमार की मूर्ति का अनावरण किया गया। मूर्ति अनावरण कार्यक्रम के अतिथि भाजपा राष्ट्रीय परिषद के सदस्य व किशनगढ़ बास पूर्व विधायक रामहेत यादव, जिला प्रमुख बलबीर छिल्लर, पूर्व मंत्री हेमसिंह भड़ाना, केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव के प्रतिनिधि के रूप में पहुंचे सचिव नितिन सांगवान ने विधिवत शहीद की मूर्ति का फीता काटकर व ध्वजारोहण कर अनावरण किया व माला अर्पण कर शहीद को नमन किया।

अतिथियों की ओर से शहीद के माता-पिता व वीरांगना पत्नी सुनीता देवी का शाल ओढ़ाकर सम्मान किया गया। इस अवसर पर भाजपा राष्ट्रीय परिषद के सदस्य व पूर्व विधायक रामहेत यादव ने कहा शहीद नायक मनोज कुमार ने प्राणों की आहुति

जिला प्रमुख बलबीर छिल्लर व पूर्व विधायक रामहेत यादव का ग्रामीणों ने बड़ी माला से सम्मान किया।

लगाकर गांव परिवार इलाके का नाम रोशन किया है ऐसे माता-पिता को वह नमन करते हैं जिन्होंने देश की रक्षा में अपना योगदान दिया है।

मूर्ति अनावरण कार्यक्रम में केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव को आना था लेकिन स्वास्थ्य खराब होने व डॉक्टरों के मना करने पर वह नहीं आ सके। उन्होंने अपने सचिव नितिन सांगवान को यहां भेजा है और कहा है कि जब भी उनका क्षेत्र में आने का कार्यक्रम होगा तो वह जरूर गांव आकर के शहीद मनोज कुमार को

■ गांव फतियाबाद में शहीद नायक मनोज कुमार की मूर्ति का हुआ अनावरण

नमन कर परिवार से मिलेंगे। उन्होंने गांव के विकास के लिए 11 लाख रुपए दिए जाने की घोषणा भी की गई है। पूर्व विधायक यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री जल जीवन स्कीम के तहत घर-घर पानी पहुंचे यह हमारी जिम्मेदारी है। गांव की स्कीम में कुछ दिक्कत विभाग को आ रही थी उसको दूर कर घर-घर जल स्क्रीम को गांव में पूरा करने के लिए अधिकारियों को कहा जा चुका है। फतियाबाद पंचायत मुख्यालय बने इसके लिए पूरे प्रयास करेंगे तथा शहीद की प्रतिमा स्थल तक सड़क बनेगी।

जिला प्रमुख बलबीर छिल्लर ने शहीद नायक मनोज कुमार को नमन करते हुए गांव के विकास के लिए 10 लाख रुपए की घोषणा की। पूर्व मंत्री हेमसिंह भडाणा ने भी ग्रामीणों को संबोधित किया। इस दौरान कार्यक्रम में पहुंचे अतिथियों का शहीद परिवार व ग्रामीणों की ओर से बड़ी माला से सम्मान भी किया गया।

मूर्ति अनावरण कार्यक्रम में किशनगढ़ बास भाजपा मण्डल अध्यक्ष मनोज मित्तल, हरसौली मंडल अध्यक्ष सुरेंद्र जांगिड़, कोटकासिम मंडल अध्यक्ष सोलू शर्मा, सरपंच बलबीर यादव, शमशेर सिंह, शीला चौधरी, करणसिंह सरपंच, दयाराम सरपंच, सरपंच ओमप्रकाश, एडवोकेट चरण यादव, रामस्वरूप यादव कालू, संजय यादव पंचायत समिति सदस्य प्रवीण यादव सहित सैन्य अधिकारी और ग्रामीण मौजूद रहे।

पंच कुंडीय महायज्ञ को लेकर निकली ध्वज यात्रा

राजगढ़। कस्बे के औद्योगिक क्षेत्र के समीप स्थित शेखा की बगीची हनुमान मंदिर पर हनुमान जन्मोत्सव पर 2 अप्रैल को होने वाले पंचकुंडात्मक श्री राम यज्ञ को लेकर शनिवार को ध्वजा रैली निकाली। हनुमान मंदिर के महंत नवल दास महाराज एवं अवधूत दत्ता आश्रम के महंत स्वामी अमन भारती महाराज के सानिध्य में कस्बे के गणेश पोल स्थित गणेश मंदिर से ध्वजा रैली प्रारंभ हुई। श्रद्धालुओं की मौजूदगी में आयोजित धार्मिक कार्यक्रम में लोगों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। ध्वजा रैली का प्रमुख मार्गो में धर्म प्रेमी लोगों की ओर से पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया। श्री राम की महिमा एवं हनुमान महाराज के जय कर के उद्घोष के साथ धार्मिक रैली शेखा की बगीची हनुमान मंदिर पहुंची। इस अवसर पर भजन एवं संगीत का आयोजन किया गया। यज्ञ के दौरान श्री राम कथा का आयोजन किया जाएगा।

सांभर रेलवे स्टेशन पर ट्रेनों के ठहराव का सपना अधूरा

सांभरझील। पूर्व सांसद की अनदेखी व ठोस प्रयासों के अभाव के कारण सांभर रेलवे स्टेशन पर महत्वपूर्ण ट्रेनों के ठहराव की मांग का सपना 5 साल से अधूरा ही पड़ा है। भाजपा कार्यकर्ताओं ने पूर्व सांसद और वर्तमान सांसद से भी अनुरोध किया, यहां तक की रेल मंत्री और रेल प्रशासन को ईमेल और पत्र भेजकर थक गए लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। भाजपा के कर्मठ कार्यकर्ता विकास जैन व अनेक पदाधिकारी भी सांसद, रेल मंत्री, रेल प्रशासन को सांभर की वाजिब मांग के आधार पर बाड़मेर-मथुरा एक्सप्रेस गाड़ी संख्या 20489/20490, बाडमेर-देहली एक्सप्रेस गाड़ी संख्या 20487/20488, जयपुर - जोधपुर हाईकोर्ट एक्सप्रेस को सैकड़ो अप डाउन करने वाले लोगों व क्षेत्र की जनता की सुविधा को दृष्टिगत रखते हुए सांभर

■ भाजपा कार्यकर्ता का ईमेल व पत्र से अनेक दफा अनुरोध, फिर भी नहीं हुई सुनवाई

रेलवे स्टेशन पर इन ट्रेनों का ठहराव कराए जाने के लिए अनुरोध कर चुके हैं, लेकिन इन ट्रेनों का ठहराव नहीं ।

दैनिक रेल यात्री संघ से जुड़े पदाधिकारी कैलाश नागला व उनकी टीम की ओर से भी इस मामले को लेकर जरूरी ट्रेनों के ठहराव के लिए कई दफा पत्राचार और ज्ञापन तक भेजे गए लेकिन इन ट्रेनों के ठहराव के लिए अभी तक कोई संकेत नहीं मिलते दिख रहे हैं। क्षेत्र के सांसद ही बदल गए, और खुशी की बात यह रही कि फिर से बीजेपी के सांसद बने तीन दफा बीजेपी के सांसद चुने जाने के बावजूद क्षेत्र की जनता की मांग पूरा नहीं होने से क्षेत्रवासी अपने आप को ठगा सा महसूस कर रहे हैं। सांभर निवासी समाजसेवी विकास जैन ने बताया कि जयपुर और अजमेर में रोजी-रोटी कमाने जाने वाले हजारों अप-डाउनर्स के लिए ट्रेनों के ठहराव की व्यवस्था होनी चाहिए लेकिन दुख का विषय है की मांग कब पूरी होगी कुछ कह नहीं सकते, हम इसके लिए आगामी रणनीति तय करके इस मुद्दे को नए सिरे से उठाएंगे।

किशनगढ़ रेनवाल, हिरनोदा व नावा क्षेत्रवासियों की उनकी मांग के आधार पर जो उन्होंने ट्रेन चाही थी वहां तो ट्रेन रुक गई, लेकिन सांभर के जो लोग उपरोक्त ट्रेनों का ठहरा चाहते हैं उस पर अभी तक कोई फैसला नहीं करना क्षेत्र वासियों के साथ कुठाराघात है।

पुस्तकालय भवन का लोकार्पण

राजगढ़। क्षेत्र के ग्राम काली पहाड़ी में स्थित महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय में स्व. ओमप्रकाश मीना की स्मृति में निर्मित पुस्तकालय का उद्घाटन खंड मुख्य शिक्षा अधिकारी) लीलावती मीना ने फीता काटकर किया। इस अवसर पर सरपंच यादराम मीना, विद्यालय प्रधानाचार्य दीन दयाल यादव, विद्यालय स्टाफ, ग्रामीणजन, विद्यार्थी एवं ओमप्रकाश मीना के परिवारजन सहित ग्रामीण मौजूद रहे। पुस्तकालय केशन्ती मीना द्वारा अपने दिवंगत पति की स्मृति में निर्मित किया गया है। इसका उद्देश्य विद्यालय के विद्यार्थियों के साथ-साथ गाँव और आसपास के अन्य बच्चों को भी ज्ञान और शिक्षा का बेहतर वातावरण उपलब्ध कराना है इस अवसर पर गाँव के बुजुर्गों ने लालचंद मीना के विशेष प्रयासों एवं अनुकरणीय पहल के लिए उनका आभार व्यक्त किया, जिन्होंने पुस्तकालय के निर्माण में महत्वपूर्ण सहयोग दिया।

'व्यक्ति मन से ईश्वर का सिमरन करे तो प्रभु भक्त के मन में बस जाते हैं'

देवली । यहां पटेल नगर में स्थित शिवालय मंदिर में श्रीमद् भागवत कथा की छठे दिवस के दिन की कथा में परम पूज्य गुरुदेव कृष्ण बिहारी जी महाराज ने कृष्ण और राधिका के प्रेम की कथाओं का गुणगान किया। कथा वाचक कृष्ण बिहारी महाराज ने कहां की राधे के बिना कृष्ण कुछ भी नहीं है ।श्री जी कृष्ण की प्राण शक्ति है और कृष्ण शरीर । इस अवसर पर पंडित विवेक भारद्वाज एवं

■ श्री कृष्णा रुक्मणी विवाह की लीला पर निकाली गई बारात का सेठी परिवार ने पुष्प वर्षा कर भव्य स्वागत किया

कुलदीप शर्मा ने बताया की श्रीमद् भागवत कथा में शनिवार के दिन कंस वध कृष्ण की सांदीपनी आश्रम में शिक्षा ,भ्रमरगीत आदि कथाओं का सुंदर चित्रण और वर्णन किया है । शनिवार को कथा दौरान बड़ी धूमधाम से कृष्ण और रुक्मणी का विवाह महोत्सव मनाया गया। इस दौरान पंडाल में उपस्थित सभी महिला पुरुष श्रद्धालु गण

भागवत कथा में कृष्ण बिहारी जी ने कथाओं का गुणगान किया।

श्री प्रभु कृष्ण और माता रूकमणि के बारात में बाराती बनकर आए। और झूमकर नाचे गाए।

इस मौके पर बड़े हर्षोल्लास के साथ कृष्ण रुक्मणी विवाह की झांकियां निकाली गई। साथ ही भगवान कृष्ण की बारात सजाई गई। उल्लेखनीय है कि श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन देवली शहर के निवासी सेठी परिवार की ओर से करवाया जा रहा है। भागवत कथा में प्रभु श्री कृष्णा रुक्मणी विवाह के लीला पर निकाली गई बारात में शामिल बारातियों का सावल सेठी ,प्रेम सेठी,भगवान सेठी, मीनू सेठी ,गोविंद सिंह सेठी, संजना सेठी ,डॉ गुरमीत सेठी ,मनीषा सेठी, सन्नी सेठी, कीर्ति सेठी, सुरेंद्र सेठी भावना सेठी, द्रोण सेठी, चित्रा रानी, सहित सभी परिवार जनों ने पुष्प वर्षा कर भव्य स्वागत किया। किशोर सर पर कृष्णा बिहारी जी महाराज ने कृष्ण के अन्य विवाह का वर्णन भी किया । और बताया कि भगवान के आगे मन का झुकना भी बहुत जरूरी है सिर्फ शिर झुकाने से ठाकुर जी नहीं मिलते। व्यक्ति अगर सच्चे मन से ईश्वर का सिमरन करें तो प्रभु भक्त के मन में सदा सदा के लिए बस जाते हैं।

अश्वगंधा स्वास्थ्य प्रवर्तक औषधि पर कार्यशाला आयोजित

श्रीमाधोपुर। महात्मा गांधी स्नातकोत्तर महाविद्यालय श्रीमाधोपुर एवं औषधि वनस्पति क्षेत्रीय सुविधा केंद्र सावित्रीबाई फुले विश्वविद्यालय पुणे के संयुक्त तत्वाधान में अश्वगंधा स्वास्थ्य प्रवर्तक औषधि पर एक दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला आयोजित हुई। कार्यक्रम का शुभारंभ महात्मा गांधी कॉलेज के निदेशक मोहर सिंह खर्रा, प्राचार्य डॉ. वीरेंद्र सैनी, प्रोफेसर महेश कुमार दाधीच मुख्य कार्यकारी अधिकारी राष्ट्रीय औषधीय पादप बोर्ड आयुष मंत्रालय भारत सरकार, नई दिल्ली, प्रोफ़ेसर दिगंबर मोकात प्रमुख संशोधन तथा क्षेत्रीय संचालक सह सुविधा केंद्र पुणे, डॉ मधुसूदन आचार्य पूर्व अधिष्ठा उद्यानिकी एवं वानिकी महाविद्यालय झालावाड़, डॉ प्रमोद कामले एसोसिएट प्रोफेसर केंद्रीय विश्वविद्यालय अजमेर, डॉ राजेश कुमार जोशी उपसंचालक आयुर्वेद विभाग, डॉ महेंद्र कुमार सोरठा प्रिंसिपल राजकीय आयुर्वैदिक कॉलेज सीकर ने मां सरस्वती, धनवंतरी एवं महात्मा गांधी कॉलेज के संस्थापक स्व. प्रताप सिंह खर्रा की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर एवं समक्ष द्वीप प्रज्वलित कर किया। निदेशक मोहर सिंह खर्रा ने क्षेत्र मेंऔषधिय फसलों यथा अश्वगंधा की खेती की विपुल संभावनाओं हेतु किसानो एवं प्रतिभागियों की भूमिका बताते हुए पादप बोर्ड की विभिन्न परियोजनाओं का लाभ लेने की सलाह दी। प्रोफेसर दाधीच ने शेखावाटी क्षेत्र के औषधीय पौधों की विविधता पर प्रकाश डालते हुए छात्रों, किसानों एवं नवयुवकों से आग्रह किया की मूल्य संवर्धन द्वारा किसानों की आय में बढ़ोतरी की आवश्यकता है इस हेतु राष्ट्रीय औषधीय पादप बोर्ड जागरूकता कार्यक्रम, पौध नर्सरी उद्योग लगाने पर वित्तीय सहायता एवं मार्गदर्शन करेगा। डॉ राजेश कुमार जोशी ने औषधि पौधों द्वारा रोग निदान एवं सुस्वास्थ्य की संभावनाओं पर विस्तृत चर्चा की। प्रोफ़ेसर दिगंबर मोकात ने कार्यशाला का उद्देश्य एवं अतिथियों का स्वागत करते हुए विश्व में भारतीय औषधीय पौधों का व्यापार की महत्व बताई। डॉ मधुसूदन आचार्य ने अश्वगंधा की जैविक कृषि पद्धित पर विस्तृत जानकारी प्रदान की।

डॉ. प्रमोद कामले ने अश्वगंधा की जैविक खेती की आवश्यकता एवं विपणन की जानकारी दी। राकेश चौधरी ने अश्वगंधा एवं अन्य औषधिय पादपो एवं लघु उद्योग की विभिन्न संभावनाओं के अपने अनुभव साझा किये डॉ. श्रीपाद महामुनि आयुर्वेदाचार्य पुणे ने आयुर्वेद में स्वास्थ्य के लिए आहार विहार विचार के बारे में बताया।

'युवाओं में बढ़ रही मोबाईल व नशे की लत बन रही है अपराध का कारण'

मालपुरा। अजमेर रैंज डीआईजी ओमप्रकाश शनिवार को मालपुरा पहुंचे जिन्है सीओ कार्यालय व मालपुरा थाने मे पुलिस जवानो ने दी गार्ड ऑफ ऑनर की सलामी। डीआईजी ने शनिवार को पुलिस वृत्ताधिकारी कार्यालय मे सीओ सर्किल क्षेत्र के थानाधिकारियो ने बैठक ले थानो मे लम्बित प्रकरणो व कानून

■ डीआईजी ओमप्रकाश ने अवैध कैफे व होटलो की जांच के दिये आदेश

व्यवस्था की जानकारी लेते हुये शांति व कानून व्यवस्था की दृष्टि से मालपुरा शहर व आसपास के ग्रामीण क्षेत्रो मे बिना प्रशासनिक स्वीकृति के चल रहै अवैध कैफे, लाईब्रेरी, बहुमंजिला होटल,गेस्ट हाऊस, कोचिंग सेन्टर, आदि की जांच कर कडी कार्यवाही के आदेश दिये। डीआईजी ने मालपुरा, डिग्गी, पचेवर, लाम्बाहरिसिंह,

अजमेर रैंज डीआईजी ओमप्रकाश ने मालपुरा सीओ सर्किल के थानाधिकारियो व सीएलजी की ली बैठक।

टोडारायसिंह, मोर थानाधिकारियो को लम्बित प्रकरणो की त्वरित निस्तारण करने के साथ-साथ अवैद मादक पदार्थ तस्करी व अवैध बजरी परिवहन सहित पर्ची सट्टा बाजार के ठिकानो को चिन्हित कर छापामार कार्यवाही करने के निर्देश दिये। सीओ कार्यालय के वार्षिक निरीक्षण के पश्चात डीआईजी ने मालपुरा थाने मे सीएलजी की बैठक ली। बैठक मे सीएलजी व शांति समिति सदस्यो के अतिरिक्त महिला सखी, पुलिस मित्र, व्यापारी, टैक्सी यूनियन व विभिन्न सामाजिक संगठनो के पदाधिकारी व गणमान्य नागरिक मौजूद रहै।

सीएलजी सदस्य शेरसिंह राजावत ने रिको औधोगिक क्षेत्र मे संचालित दुग्ध अवशीतल केन्द्रो पर आने वाले दुध के पिकअप वाहन की गति पर नियंत्रण करने तो बिना नम्बरी लग्जरी वाहनो मे युवा के गिरोह सक्रिय होने की जानकारी देते हुये कार्यवाही की मांग की।

एडवोकेट गीता वालिया ने शहर व ग्रामीण क्षेत्रो मे तीव्र गति से बिना प्रशासनिक स्वीकृति के चल रहै कैफे सेन्टरो पर संचालको द्वारा नाबालिग छात्र-छात्राओं को बिना आईडी के ही प्रवेश दे कैफे मे अवैध रूप से कमरे व केबिन की सुविधा उपलब्ध करवाने से बढ रहै अपराध व आये दिन युवाओं द्वारा की जा रही आत्महत्या व अपहरण जैसी घटनाऐं बढने के पीछे पुलिस की लचर गश्त व्यवस्था एवं समय पर जांच की कार्यवाही नही होने पर चिन्ता व्यक्त की। जिला आयोजना समिति सदस्य व पार्षद डॉ. अंकित जैन ने शहर मे बिना सुरक्षा व्यवस्थाओं के चल रही लाईब्रेरी, कोचिंग सेन्टर,गेस्ट हाऊस व होटल की आड मे चल रहै अवैध गोरखधंधे पर छापाकार कार्यवाही करते हुये दोषी पाये जाने वाले संचालको पर पुलिस कार्यवाही की मांग की।

पंचदिवसीय प्राण प्रतिष्ठा समारोह का समापन

बौंली-बामनवास। गुर्जर छात्रावास स्थित नवनिर्मित देवनारायण मंदिर बौंली में आयोजित पंचदिवसीय प्राण प्रतिष्ठा समारोह धार्मिक आयोजन का शनिवार को भंडारे के साथ समापन हो गया। प्राण प्रतिष्ठा समारोह से जुड़े भक्तजन मुकेश खटाणा ने बताया कि पंचदिवसीय प्राण प्रतिष्ठा समारोह महामंडलेश्वर श्री बालकानंद जी महाराज हरभांवता आश्रम के सानिध्य में एवं कर्मानंद जी विवेकानंद जी सहित अनेकों संतों की देखरेख में आयोजित किया गया।

समारोह में भगवान देवनारायण, शिवपरिवार एवं हनुमान जी की विधि विधान के साथ यज्ञ पूर्णाहुति सहित प्राण प्रतिष्ठा की गई। कार्यक्रम में सवाई माधोपुर भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष मानसिंह गुर्जर, कांग्रेस के हनुमान दांतली, बौंली पंचायत समिति प्रधान कृष्ण पोसवाल सहित अनेको गुर्जर समाज के लोग उपस्थित थे। कार्यक्रम में नवनिर्मित मंदिर के मुख्य द्वार पर स्वर्गीय कर्नल किरोड़ी सिंह बैंसला की मूर्ति भी स्थापित की गई।

सार-समाचार

विदाई समारोह आयोजित

कोटपूतली। एक और जहां बदलते परिवेश में अमुमन स्कुलों व कॉलेजों में छात्रों कि विदाई पार्टी के दौरान छात्र-छात्राएं डीजे की धुन पर थिरकते देखे जा सकते हैं। वहीं दुसरी और कस्बे के शक्ति विहार कॉलोनी स्थित शिव सरस्वती उच्च माध्यमिक विधालय कि और से छात्र-छात्राओं को धार्मिक संस्कृति से जोड़ कर एक अनुठी पहल कि है। आपको बता दें कि शनिवार को कक्षा 12 वीं के विद्यार्थियों का विदाई समारोह नौ कुण्डीय गायत्री यज्ञ के साथ सम्पन्न हुआ जिसमें ना केवल विद्यार्थियों ने हवन में आहुतियां दी बल्कि आगामी कक्षाओं में सफलता की कामना भी की। इस अवसर पर विद्यालय प्रांगण में जूनियर छात्रों द्वारा उच्च माध्यमिक के छात्रों को नौ कुंडीय यज्ञ के द्वारा गायत्री परिवार के सानिध्य में कुंवर सिंह जांगिड़, सुरेंद्र मीणा, किशनलाल शर्मा, महेश शर्मा, कैलाश शर्मा, मंजू शर्मा की उपस्थिति व मुख्य यजमान के रूप में संस्था के निदेशक बद्रीप्रसाद शर्मा, सुमन शर्मा, हृदेश शर्मा, निष्ठा शर्मा एवं अन्य 07 अभिभावक जोड़े गायत्री मंत्र उच्चारण के साथ यज्ञ में आहुति दी गई। मंजू शर्मा द्वारा छात्रों को उज्जवल भविष्य, नशा व बुराईयों को छोडने का आह्वान किया गया। साथ ही कठिन मेहनत व संस्कारवान बनने पर जोर दिया गया। निदेशक बद्रीप्रसाद शर्मा ने अनुशासित, मानवीय मूल्यों को अपनाने तथा पूर्ण लगन, निष्ठा से अपने लक्ष्य की ओर बढने के लिये प्रेरित किया। छात्रों ने भी विद्यालय, गुरुजनों व अपनी परीक्षा की तैयारी संबंधी विचार प्रकट किये। हृदेश शर्मा ने अतिथियों का आभार प्रकट किया। इस दौरान विधालय स्टॉफ सदस्य, अभिभावकगण व विधार्थी मौजूद रहे।

जम्मू की ट्रेन बन्द से यात्रियों में निराशा

फुलेरा । रेल प्रशासन द्वारा बाड़मेर से जम्मू तवी शालीमार एक्सप्रेस एवं जम्मू तवी से अजमेर पूजा एक्सप्रेस को कुछ समय के लिए निरस्त किये जाने से मां वैष्णो देवी के भक्तों में घोर निराशा का संचार हो रहा है। गौरतलब है कि वर्ष के करीब 12 महीने ही इन दोनों रेल गाड़ियों में माता वैष्णो देवी के अनेकों भक्तगण यात्रा के लिए कतार बद रहते है। क्योंकि कि माता वैष्णो देवी का धाम सम्पूर्ण विश्व के लिए एक अंगूठा धाम जिसमें रात दिन 24 घंटे दर्शन करने की व्यवस्था रहती है। साथ ही भक्तों को ग्रुप नम्बर के हिसाब से दर्शन करवाए जाते है। जो कि श्री माता वैष्णो देवी श्राइन बोर्ड के प्रबन्धन द्वारा किया जाता है। उपरोक्त जानकारी देते हुए राष्ट्र की अग्रणी उपभोक्ता संस्था कंज्यूमर एक्शन एंड प्रोटेक्शन सोसाइटी के अध्यक्ष श्री विजेन्द्र प्रकाश हलचल ने बताया कि इस धार्मिक स्थल पर पहुंचने के लिए राजस्थान से सीधी ट्रेन नहीं होने से यात्रियों को काफी परेशानियों का सामना करते हुए दिल्ली जाना पड़ता है और वहां से दूसरी ट्रेन पकड़कर यात्रा करनी पड़ती है। इसके चलते विजेन्द्र प्रकाश हलचल ने उपभोक्ताओं की समस्याओं पर गौर फरमाते हुए उत्तर पश्चिम रेलवे के महाप्रबन्धक को पत्र लिखकर उक्त दोनों गाड़ियों को पुन: नियमित संचालित करने के लिए रेल प्रशासन से अनुरोध किया है।

24 को निकाली जाएगी शोभा यात्रा

मनोहरपुर । शहर श्री श्याम गौ सेवा सत्संग मंडल के तत्वावधान में शोभायात्रा व श्याम जागरण और विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा। इस दौरान कोषाध्यक्ष मनीष अग्रवाल ने बताया कि श्री श्याम गौ सेवा सत्संग मंडल मनोहरपुर के तत्वावधान पर 24 फरवरी को शहर के खोरा रोड से विशाल लवाजमें से शोभायात्रा रवाना होगी जो कि प्रमुख मार्ग होते हुए गांधी चौक पहुंचेगी। और 25 फरवरी को गांधी चौक बाजार में विशाल श्याम जागरण का आयोजन किया जाएगा। वही दिनांक 1 मार्च से 10 मार्च तक रिंगस रोड पर अनवरत 24 घंटे चलने वाले विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर महेश कोटरी वाले,मनोहरलाल शर्मा,मनोज अग्रवाल, राजेश गुप्ता, अनिल अग्रवाल, मुकेश चौधरी, विनोद माधानी, इंद्र अग्रवाल,मामराज जांगिड़, भानाराम यादव, सी एम गुप्ता,शंकर खोरा वाले,योगेश बिदारा, हेमंत चौधरी,विकास संघी,लीलू मेड वाला, मनीष बड़ोदिया बि एस भार्गव, बजरंग बिदारा वाले, पप्पू हलवाई आदि।

ईडब्ल्यूएस सरलीकरण के लिए विधायक ने सहमति पत्र दिया

पावटा। ईडब्ल्यूएस सरलीकरण के लिए विराटनगर विधानसभा क्षेत्रीय विधायक कुलदीप धनकड ने सीएम एवं नेता प्रतिपक्ष को विधानसभा से सर्वसम्मत प्रस्ताव केंद्र सरकार को भिजवाने बाबत सहमति पत्र दिया। सहमति पत्र के अनुसार आर्थिक आधार पर आरक्षण के लिए कृषि भूमि एवं आवासीय भूखंड जैसी पात्रता शर्तें राजस्थान जैसे मरुस्थलीय प्रदेश के संदर्भ में अव्यावहारिक हैं। सीएम एवं नेता प्रतिपक्ष इस विषय पर संज्ञान लेकर विधानसभा से केंद्र सरकार को सर्व सम्मत प्रस्ताव भिजवाने की व्यवस्था करे। जिससे केंद्र सरकार द्वारा इनमें राजस्थान के संदर्भ में अनुकूल संशोधन करा राहत प्रदान कराए।

शपथ ग्रहण समारोह आज

निवाई। सनाढ्य ब्राह्मण विकास समिति के तत्वावधान में सनाढ्य ब्राह्मण छात्रावास में शनिवार को श्री रामचरित मानस पाठ का आयोजन किया जाएगा। पशु चिकित्सक डॉ. शिवराज शर्मा ने बताया कि श्री रामचरित मानस पाठ के आयोजन को लेकर शनिवार को विद्वान पंडितों के सानिध्य में मंत्रोचार के साथ भगवान परशुराम पूजन, गायत्री मंत्र पाठ व हवन का आयोजन किया गया। उन्होंने बताया कि रविवार को श्री रामचरित मानस पाठ की विधिवत पूर्णाहुति की जाएगी। इस दौरान नवीन कार्यकरिणी का शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया जाएगा। समाज के नवनियुक्त अध्यक्ष हेमराज खंडवा एवं कार्यकारिणी के पदाधिकारी कार्यक्रम में शपथ ग्रहण करेंगे। इस दौरान समाज के वयोवृद्ध विप्र बन्धुओं का भी सम्मान किया जाएगा। अध्यक्ष हेमराज खंडवा ने बताया कि समारोह में समाज की बालिकाओं के उत्थान एवं समाज की एकता को लेकर विप्रसंवाद किया जाएगा। उन्होने सनाढ्य ब्राह्मण विप्रों को मिलन समारोह में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया हैं।

थानाधिकारी ने सुरक्षा की जानकारी दी

टोंक। पीपलू उपखंड क्षेत्र की ग्राम पंचायत झिराना राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में झिराना थानाधिकारी राजेंद्र ताड़ा ने स्कूल के छात्र-छात्राओं व स्कूल स्टाफ को पॉक्सो अधिनियम, लैंगिक अपराधों से बालकों को अपराधियों से सावधान रहने, नशे के दुष्प्रभाव के बारे में जानकारी दी। पुलिस विभाग द्वारा चलाए जा रहे राज कोप ऐप व कॉलसाईन 112 की जानकारी देते हुए ऑनलाइन ठगी, सोशल मीडिया के दुष्प्रभाव, यातायात सुरक्षा नियम, वाहन दुर्घटना रोकथाम, बाल विवाह अधिनियम की जानकारी प्रदान की गई। विद्यालय की बालिकाओं को आत्मरक्षा, बाल अपराध, यौन उत्पीड़न, गुड टच बैड टच, बाल श्रम, आपराधिक गतिविधियों पर नजर रखकर सतर्क व सावधान रहने को कहा। इस दौरान एक टेस्ट सीरीज आयोजित की गई, जिसमें प्रथम, द्वितीय, तृतीय, चतुर्थ स्थान प्राप्त करने वाली छात्राओं राधिका सोनी, दीपिका लक्ष्कार, सुहानी सोनी, तमन्ना बानों, को अच्छे अंक प्राप्त करने पर पुरस्कृत किया गया।

'गुरूजनों के बताए आदर्शा पर चलकर भविष्य का निर्माण करें'

निवाई। निजी शिक्षण संस्था विश्व भारती माध्यमिक विद्यालय में शनिवार दीक्षांत समारोह का आयोजन हुआ समारोह को शुभारंभ भामाशाह पूर्व सरपंच प्रेमचंद बोहरा झिलाय, संचालन समिति के अध्यक्ष महावीरप्रसाद पराणा, व्यवस्थापक लालचंद जैन, ठेकेदार परशुराम कुमावत, समिति सदस्य पिंकी खंगार व सचिव रामेश्वर जांगड ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित करके किया। पूर्व सरपंच प्रेमचंद बोहरा ने कहा कि गुरूजनों के बताए आदर्शा पर चलकर भविष्य का निर्माण करें। अध्यक्ष महावीरप्रसाद पराणा ने कहा कि उच्च स्तरीय शिक्षा प्राप्त करके माता-पिता व गुरूजनों का नाम रोशन करें। विद्यालय प्रबंध सचिव रामेश्वरप्रसाद जांगिड़ ने विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना की। प्रधानाचार्य रामचरण शर्मा ने विद्यार्थियों को अच्छे अंक लाने हेतु प्रेरित किया।

आमसभा का आयोजन

दूदू । भाजपा सरकार द्वारा दूंदू जिले को निरस्त कर देने के बाद बहाली की मांग को लेकर शनिवार को मालपुरा रोड स्थित एक निजी रिसोर्ट में विशाल आमसभा का आयोजन किया गया इस अवसर पर प्रतिपक्ष नेता टीकाराम जूली किशनगढ़ विधायक विकास चौधरी एवं पूर्व विधायक बाबूलाल नागर व शकुन्तला रावत ने संबोधित करते हुए कहा कि वर्तमान सरकार द्वारा कोई विकास कार्य स्वीकृत नहीं किए गए हैं पूर्व सरकार द्वारा के कार्यो का लोकार्पण कर वाई-वाई लूटी जा रही है इस दौरान विधानसभा क्षेत्र से हजारों लोगों ने आकर जिला बनाने की पुन: विचार कर की मांग की ।